प्रेस विज्ञप्ति

हिन्दुस्तान कॉलेज के छात्रों ने GATE-2019 में स्थापित किया नया कीर्तिमान

शुभांगी अग्रवाल ने GATE–2019 में AIR-18 प्राप्त कर संस्थान का नाम किया रोशन

शारदा ग्रुप के हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की 5 छात्राओं ने GATE-2019 (ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टैस्ट इन इंजीनियरिंग) परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर उत्तीर्ण हुये परीक्षार्थियों में शुभांगी अग्रवाल ने 18 वाँ, मुस्कान खेतान 46 वाँ, नेहा सिंह 330 वाँ, समीक्षा खेण्डेलवाल 995 वाँ एवं सोनम कदर्म 4134 वाँ तथा कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा मिनी अग्रवाल ने 280 वाँ, अदीमा जैन, इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेश इंजीनियरिंग विभाग के छात्र आयुष अग्रवाल 1567 वाँ तथा सिविल इंजीनयिरंग विभाग के छात्र सौरभ पटेल 7522 वाँ, सुभम सिंघल, एश्वर्य सिंह, तौशीफ अहमद, आयुष बंसल राम अवतार आदि छात्र–छात्राओं ने स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा में संस्थान के छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुये इस उक्ति को चरितार्थ किया है कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती।

शारदा ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री वाई.के.गुप्ता एवं कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. वी.के.शर्मा ने संस्थान की इस गौरवमयी उपलब्धि पर

निदेशक सहित समस्त मार्गदर्शक शिक्षकों एवं चयनित छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुये उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने सभी चयनित छात्र–छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनायें दीं तथा उनके विभाग के मार्गदर्शक शिक्षकों को भी मुबारकबाद दिया और कहा कि संस्थान के सभी विभागों के छात्र–छात्रायें लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये बेहतर रोजगार पाने के साथ–साथ विभिन्न क्षेत्रों में संस्थान एवं विभाग का नाम रोशन करते रहे हैं। छात्रों की सफलता का समाचार प्राप्त होते ही संस्थान के समस्त शिक्षकों, अभिभावकों एवं संस्थान के छात्र/छात्रओं में खुशी की लहर दौड़ गयी।

बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार ने बताया कि छात्रों की इस सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया और बताया कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और अच्छे मार्गदर्शन का ही नतीजा है। हमारे संस्थान में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के अतिरिक्त गेट के पाठ्यक्रम को भी ध्यान में रखते हुए शिक्षण दिया जाता है। जिसके बेहतर परिणाम इस तरह की परिक्षाओं के परिणामों में दिखते हैं।

छात्रों की सफलता के इस अवसर पर डीन फैकल्टी डॉ. हरेन्द्र सिंह, डीन आर.एण्ड.डी. डॉ. एम. एस. गौर, श्री मुनीष खन्ना, डॉ. वी.के.गुप्ता, प्रो. संजय जैन, डॉ. अरुन चौपड़ा, डॉ. हरी पाठक, बायोटेक उप–विभागाध्यक्ष श्री विपिन कुमार, मिस शिवी शर्मा, मिस ममता, डॉ. नीता, संस्थान के कुलसचिव डॉ. अमित सक्सैना सहित संस्थान के समस्त विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।